श्योपुर में 134, कराहल में 63 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण : सांसद, योजना के तहत 49-49 हजार राशि के चैक उपहार स्वरूप दिये

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 19 अप्रैल। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज जनपद एवं नगर पालिका परिषद श्योपुर के संयुक्त तत्वावधान में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में श्योपुर स्थित हैवी मशीनरी टीनशैड में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। श्योपुर में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन में 134 जोडे परिणय सूत्र में बंधे, जिसमें जनपद पंचायत श्योपुर के 109, नगरपालिका श्योपुर के 17 एवं नगरपरिषद बडौदा के 08 जोड़े शामिल रहे। इसी प्रकार जनपद पंचायत कराहल के तत्वाधान में पनवाडा माता मंदिर परिसर में आयोजित विवाह सम्मेलन में 63 जोडो ने फेरे लिये। राज्य शासन की योजना के तहत वर-वधु को 49-49 हजार रूपये की राशि के चौक उपहार स्वरूप प्रदान किये गये।

क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में दिये अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण योजना है, जिसका हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा न केवल विवाह के प्रबंध किये जा रहे है बल्कि नवविवाहित जोड़ों को अपनी गृहस्थी शुरू करने के लिए 49 हजार रूपये की उपहार राशि भी दी जा रही है।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि शासन की मंशानुरूप मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत श्योपुर जिले में विभिन्न तिथियों पर सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज श्योपुर और कराहल में सम्मेलन आयोजित हुए है, इस दौरान उन्होंने सभी नवविवाहित जोडो को शुभकामनाएं दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण ने इसे शासन की महती योजना बताते हुए कहा कि अब बेटियों के हाथ पीले करने में हर वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा अनेको कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। आज श्योपुर में 134 कन्याओं के हाथ पीले हुए है, यह एक पुण्य का कार्य है, जिले में आगामी तिथियों में भी विवाह सम्मेलन आयोजित होंगे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने कहा कि योजना के तहत जनपद और निकाय स्तर पर विवाह सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है, अक्षय तृतीया के उपरांत 01 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भी सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

इसके साथ ही आगामी निर्धारित तिथियों में भी सम्मेलन आयोजित होंगे। जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा ने कहा कि जनपद पंचायत के तत्वाधान में सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसका लाभ आम वर्ग को मिला है। इसी प्रकार के सम्मेलन आगामी तिथियों में भी आयोजित होंगे, जिसके लिए पंजीयन कराकर लाभ ले सकते है।

हैवी मशीनरी टीनशैड में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन के दौरान कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मीणा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, सुजीत गर्ग, एसडीएम गगन सिंह मीणा, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, एसडीओ श्रीमती मधु जाटव आदि उपस्थित थे।

सामुहिक विवाह सम्मेलन में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक रीति से सभी जोडो का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर वर एवं वधु पक्ष के परिजन भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन, पानी, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी।

अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धरती संस्था ने जिला प्रशासन के साथ एवं मार्गदर्शन से मनाया सतर्क दिवस

विजयपुर 19 अप्रैल. जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे धरती संस्था ने अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम मेघपुरा में बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया धरती संस्था जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर श्योपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई जा रही है धरती संस्था खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। धरती संस्था देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए धरती संस्था के निदेशक श्री देवेंद्र सिंह भदौरिया जी ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। अब लोग बाल विवाहों की सूचना दे रहे हैं और प्रशासन तुरंत इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई कर रहा है। यह एक उल्लेखनीय बदलाव है और हमें विश्वास है कि हम 2030 से पहले ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन 250 से भी ज्यादा सहयोगियों के साथ बाल विवाह की ऊंची दर वाले देश के 450 से भी ज्यादा जिलों में इस अपराध के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस नेटवर्क ने अब तक पांच लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।

पुराने विवाद को लेकर मारपीट की

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना फरि. हरिओम पुत्र रामनिवास गुर्जर उम्र 27 साल नि. बडौदा - गाली गलौच उतनवाड ने रिपोर्ट की कि दि. 17.04.26 के 22.00 बजे स्थान फरि. के घर के अन्दर ग्राम उतनवाड आरोपीगण, महेन्द्र गुर्जर, हरिओम गुर्जर, बद्रीलाल गुर्जर, लखन गुर्जर नि.गण सदर ने फरि को पुराने विवाद को लेकर मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी रात्रि में घर में घुसकर बाथरुम के गेट पर पत्थर मारे।

23 क्वार्टर देशी शराब जब्त

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना वीरपुर 23 क्वा. देशी शराब पकड़ी आरोपी नीटू पुत्र नरेन्द्र सिंह जादौन उम्र 40 साल नि. पाँचो कॉलोनी. को दि. 16.04.26 के 19.50 बजे स्थान राजपूत ढाबा के पास एमएस रोड़ पाँचो कॉलोनी विजयपुर पर कब्जे से अवैध 23 क्वा. देशी शराब पकड़ी । दि. 16.04.26 के 21.03 बजे अप.क्र.16/26 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया है।

कमरे मे बंद कर की मारपीट

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना विजयपुर मारपीट फरि. गणेश उर्फकल्ला पुत्र बृजमोहन धाकड़ उम्र 31 साल नि. गोहरा ने रिपोर्ट की कि दि. 15.04.26 के 11.30 बजे स्थान सुनवई तिराहे पर आरोपीगण, सतेन्द्र उर्फ शेरा बुजभेरिया, शशिकांत शर्मा नि. बांगरौद, मोनू रावत नि. गोहटा ने उधारी के पैसे मांगने की बात पर से फरि को अपने घर ले जाकर हाथ पैर बांधकर कमरे मे बंद कर मारपीट की गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी दि. 16.04.26 के 19.23 बजे अप.क्र. 120/26 धारा 127 (2), 115(2),351(2),296 (ए) बीएनएस कायम कर लिया है।

फांसी लगाने से एक की मौत

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना बरगवां फांसी लगाने से मृत्यु सूचनाकर्ता रतन पुत्र प्रेमसिंह भिलाला उम्र 25 साल नि. सिलपुरी कराहल ने बताया कि दि. 15.04.26 के 10.00 से 16.04.26 के 10.30 बजे तक स्थान ग्राम अगरा के पास प्लांटेशन जंगल मे मृतक विशन पुत्र प्रेमसिंह भिलाला उम्र 18 साल नि. सदर की मृत्यु जंगल मे पेड़ से फांसी लगाने से हो गयी । दि. 16.04.26 के 23.58 बजे मर्ग क्रमांक 05/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया है।

बीच में बोलने की बात पर मारपीट

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना कोतवाली मारपीट फरि. दुर्गेश पुत्र रामहेत सुमन उम्र 28 साल नि. ग्राम इच्छापुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 16.04.26 के 22.30 बजे स्थान शिवपुरी रोड़ पर बने बीयर बार के पास पर आरोपीगण, मोनू कुशवाह, अन्य 02 साथी ने फरि को बीच मे बोलने की बात पर से मारपीट की गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी ।दि. 17.04.26 के 00.36 बजे अप.क्र. 114/26 धारा 115(2),351(3),296 (बी),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया है।

सात लीटर अवैध शराब जब्त

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना ढोढर अवैध शराब पकड़ी आरोपी रमेश पुत्र किशोरीलाल ओढ उम्र 40 साल नि. मंगूराम का डेरा को दि. 18.04.26 के 12.50 बजे स्थान थाने के पीछे कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 07 ली. कीमती 700/- रु. की जप्त की।

वहीं दूसरी ओर थाना ढोढर अवैध शराब पकड़ी आरोपी पूरन पुत्र बारमल बंजारा उम्र 30 साल नि. ढोढर को दि. 18.04.26 के 13.15 बजे स्थान आरोपी की पाढोर के बाहर कब्जे से हा.भ. की कच्ची शराब 08 ली. कीमती 800/- रु. की जप्त की।

उधारी के रुपये लेने पर मारपीट

श्योपुर, 19 अप्रैल। मारपीट फरि. रुपसिंह पुत्र छोटे रावत उम्र 19 साल नि. मेला ग्राउण्ड के पास ढोढर ने रिपोर्ट की कि दि. 18.04.26 के 15.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने आरोपीगण, राकेश रावत, पूनम रावत, सरिता रावत, विमला रावत नि.गण सदर ने फरि. को उधारी के रुपये लेने के ऊपर से मां बहन की गन्दी गन्दी गालिया दी मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी ।

मजाक की बात पर गाली गलौच

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना वीरपुर मारपीट फरियादी ज्ञानसिंह पुत्र रमेश गुर्जर उम्र 32 साल नि. ग्राम श्यामपुर थाना वीरपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 17.04.26 के 13.00 से 13.10 बजे स्थान रेंज के सामने कुशवाह की गुमठी एमएस रोड श्यामपुर आरोपीगण, कमलसिंह पुत्र मुन्ना गुर्जर, भूरा पुत्र मुन्ना गुर्जर नि.गण सदर ने फरियादी व फरियादी के भाई को मजाक की बात के ऊपर से गाली गलौच कर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

शराब के लिए एक हजार न देने पर तोड़फोड़, की मारपीट

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना बड़ौदा मारपीट फरिया. संज्या बाई पत्नी सत्यवीर वैरवा उम्र 35 साल नि. कोटरा थाना मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 16.04.26 के 21.00 बजे स्थान फरि. के मायके वाले घर के बाहर ग्राम उड़ायथा बड़ौदा पर आरोपी, बनवानी वैरवा, बंटी वैरवा नि.गण ग्राम उड़ायथा थाना बड़ौदा ने फरि. व उसके पति से शराब पीने के लिए 1000/-रु. मागे नही देने पर गंदी गंदी गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी एवं मो.सा. तोड़फोड़ कर माचिस से आग लगा दी जिससे जलने व टूटने से नुकसान हो गया।

कुआरी नदी के बीहड़ों से हो रहा अवैध मिट्टी परिवहन

नवभारत न्यूज

विजयपुर 19 अप्रैल. नगर के बीचोंबीच निकलने वाली कुआरी नदी के बीहड़ों के टापूओं से दबंगों ने अपना अधिकार जता कर अवैध रूपसे मिट्टी का खनन माफिया ईट भंट्टा संचालकों को लाखौ रूपये मैं मिट्टी परिवहन करा रहे हैं हाल ही में सिरथ, गयापुरा, गोपालपुर के बीच नवीन पैट्रोल पंप के पास एक बिसाल ईट भट्टा संचालित हो रहा है उसके लिये दबंगों ने कुंवारी नदी के बीहड़ों ब टापूओं से मिट्टी परिवहन दिन दहाड़े हो रहा है, तथा लछिमनपुरा गांब के बीहडौ से भी मिट्टी परिवहन हो रहा है।

ईट भंट्टौ के लिये तथा मकानौ के भराब के लिये प्रति दिन दस-बीस टैक्टर ट्रालीयों से अवैध मिट्टी परिवहन हो रहा है उक्त परिवहन करते हुए टैक्टर ट्राली तहसील रोड से लेकर हॉस्पीटल रोड़ तक में रोड की दुकानों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों के चैक करने पर सच सामने आएगा।

इसी प्रकार विजयपुर नगर में प्रतिदिन टेक्टरौ से अवैध पत्थर बोल्डर व मोरम का भी अवैध परिवहन हो रहा है , इसी प्रकार विजयपुर नगर में प्रतिदिन टेक्टरों से अवैध रूप से संचालित ईटों का भी कारोबार पर फूल रहा है , स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं यदि समय रहते स्थानीय प्रशासन इस अबैध परिवहन पर कार्यवाही करते रहते थे तो आज यह अबैध रूपसे संचालित ईटौ ब मिट्टी ब पत्थर बोल्डर व मोरम का अवैध कारोबार चरम पर नहीं पहुंच पाता। इस अवैध रूप से मिट्टी परिवहन ब पंत्थर बोल्डर ब मोरम व ईटों के कारोबारियों के बारे में तहसीलदार मैडम रजनी बघेल से संपर्क किया तब उन्होंने कहा कि में इस की समीक्षा कर कार्यवाही करूगी।

यदि समय रहते स्थानीय प्रशासन इस अवैध रूप से नदी के बीहडौ ब टीलौ से हो रहे अवैध खनन व परिवहन पर रोक नही लगा पायेगा तो बारिश में नदी में आने वाली बांध का पानी इन बीहड़ों मैं समाजाता रहा है बह बांड का पानी विजयपुर की निचली बस्ती व बस स्टैंड व मंण्डी क्षेत्र में तबाही मचा देगा।

तेजी व लापरवाही से चलाकर ट्रैक्टर पलटा, 36 में से चार की मौत

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना विजयपुर सड़क दुर्घटना में मृत्यु सूचनाकर्ता प्रताप पुत्र फूलसिंह गुर्जर उम्र 25 साल नि. घूघस थाना वीरपुर ने बताया कि दि. 16.04.26 के 20.30 बजे स्थान खितरपाल गाँव के सामने गैस एजेंसी के पास पर ट्रैक्टर मे भरकर भूरा गुर्जर भात मांगने के लिए झार बड़ौदा जा रहे थे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर पलट दिया जिसमे बैठे 36 लोगो में से 04 की मृत्यु हो गई (मृतिका -, सुनैना गुर्जर उम्र 27 साल, सीमा गुर्जर उम्र 30 साल, सरोज गुर्जर उम्र 35 साल, गीता राव उम्र 50 साल नि.गण घूघस) शेष 32 लोग घायल हो गये जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय विजयपुर मे चल रहा है।

मो .सा . को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

थाना कोतवाली सड़क दर्घटना फरि. मोहम्मद आसीम पुत्र निसार अहमद उम्र 35 साल नि. स्टेशन रोड़ श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 17.04.26 के 10.00 बजे स्थान कूनो होटल के सामने पाली रोड़ श्योपुर पर आरोपी मो.सा. क्र. आरजे 14 एके 8715 का चालक ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि को टक्कर मार दी जिससे चोटे आई।

दुकान पर ले जाने से मना करने पर मारपीट

श्योपुर, 19 अप्रैल। थाना मानपुर मारपीट फरिया. टिंकी बाई पत्नी स्व. सुल्तान मीणा उम्र 35 साल नि. सियापुर थाना मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 17.04.26 के 12.00 बजे स्थान फरि का आगन ग्राम सियापुर पर आरोपी रामजीत पुत्र शम्भूलाल मीणा नि. सियापुर थाना मानपुर ने फरि. ने बच्चो से गेहू दुकान पर ले जाने से मना करने के ऊपर आरोपी ने मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

गेहूं उपार्जन अंतर्गत जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित

श्योपुर, 19 अप्रैल। कलेक्टर द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर की जा रही गेहूं खरीदी के सुचारू संचालन एवं प्रभावी निगरानी के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9131000027 पर प्राप्त होने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा। कन्ट्रोलरूम में जिला सूचना अधिकारी शुभम नवानी एनआईसी, सहायक सूचना अधिकारी महेश कुशवाह एनआईसी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुनीलदत्त शर्मा फूड विभाग, सहायक ग्रेड-3 हर्ष मित्तल फूड विभाग, कनिष्ठ सहायक चन्द्रप्रकाश शर्मा नागरिक आपूर्ति निगम को नियुक्त किया गया है।

33 केन्द्रों के माध्यम से गेहूं उपार्जन कार्य जारी

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 19 अप्रैल। कलेक्टर के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। श्योपुर जिले में 33 सहकारी समितियों के माध्यम से गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। जिले में 18 हजार 74 किसानों ने शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रूपये पर गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है। 33 सोसायटियों में से 27 सोसायटियों द्वारा वेयरहाउस एवं गोदाम स्तर पर खरीदी जा रही है, 6 समितियां अपने-अपने सेंटरों पर खरीदी का कार्य कर रही है।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी फूड विभाग विजय शाक्य ने बताया कि जिले के सभी केन्द्रों पर गेहूं खरीदी सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से जारी है, गेहूं खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन नीति अंतर्गत निर्धारित मानको के अनुरूप गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की सर्वे रिर्पाट के आधार पर राज्य शासन द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर केंद्र सरकार द्वारा 50 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं खरीदने के लिए अनुमति प्रदान की गई है वर्तमान में निर्धारित मानक के अनुरूप गेहूं की खरीदी का कार्य संचालित है।

डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने बताया कि शासन के नीति और निर्देश अनुसार सीमांत किसानों की स्लॉट बुकिंग एसएमएस के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज हो रही है। उपार्जन नीति में 2 हेक्टयर तक के किसानों को प्राथमिकता दिये जाने के निर्देशो के अनुरूप छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग का कार्य पोर्टल पर हो रहा है तथा उनका गेहूं खरीदा जा रहा है। लगभग 4 हजार छोटे किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था, लगभग ऐसे सभी किसानों की स्लॉट बुकिंग का कार्य पूरा हो गया है, अब अन्य किसानों की स्लॉट बुकिंग हो सकेंगी।

50 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं खरीदने की छूट

जिले के उपार्जन केंद्रों पर अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी संशोधित मानकों के आधार पर की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक किसान समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठा सकें। राज्य शासन के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा दी गई शिथिलता के अनुसार छूट के मापदंड इस प्रकार हैं-

चमक विहीन गेहूं : अब 50 प्रतिशत तक चमक विहीन गेहूं स्वीकार्य होगा। **सिकुड़े एवं टूटे दाने :** इसकी सीमा बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। **क्षतिग्रस्त एवं आंशिक क्षतिग्रस्त दाने :** दोनों को मिलाकर अधिकतम 6 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई है।

किसान की मौत पर सियासी घमासान

विशेष संवाददाता

भोपाल, 19 अप्रैल. विदिशा जिले की शमशाबाद तहसील के सांगुल गांव में एक किसान की मौत के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इस घटना को आत्महत्या नहीं, बल्कि च्प्रशासनिक हत्याज्ञ करार देते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है.

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रवक्ता राहुल राज ने आरोप लगाया कि किसान कल्लू जाट को राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत का शिकार होना पड़ा. उन्होंने कहा कि किसान की छह बीघा जमीन को कथित रूप से रिकॉर्ड में घटाकर आधा बीघा कर दिया गया, जिसके चलते वह लंबे समय तक न्याय के लिए भटकता रहा, लेकिन प्रशासन से उसे कोई राहत नहीं मिली. राहुल राज ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित पटवारी के खिलाफ पूर्व में की गई शिकायतों पर राजनीतिक संरक्षण के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उसकी मनमानी बढ़ती गई. उन्होंने कृषि और राजस्व व्यवस्था में खामियों जैसे फसल रिकॉर्ड में गड़बड़ी, भुगतान में देरी और खरीदी प्रक्रियाओं में अव्यवस्था को भी इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया. कांग्रेस ने दोषी अधिकारियों के तत्काल निलंबन, न्यायिक जांच और पीड़ित परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है. पार्टी ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा.

कलेक्टर एवं सांसद की सौजन्य भेंट

श्योपुर, 19 अप्रैल। क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर एवं जिले की नवागत कलेक्टर सुशी शीला दाहिमा द्वारा सौजन्य भेंटकर जिले के विकास के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एडिशनल प्रवीण भूरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सुजीत गर्ग आदि उपस्थित रहे। जिले की नवागत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा एवं क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने सौजन्य भेंट कर जिले के विकास के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा के आवेदन शुरू

श्योपुर, 19 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहें छात्र इस द्वितीय परीक्षा में भाग लेने के लिए 22 अप्रैल तक अपने आवेदन कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने बताया कि हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा का आयोजन 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा का आयोजन 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। ऐसे छात्र-छात्राएं जो मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हैं, वे द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र भी अंक सुधार हेतु द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे पात्र विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर आवेदन कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें।